प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.03.2026/प्रादेशिक समाचार/

11:00बजे

एमओयू

हिमाचल प्रदेश मिल्क फैडरेशन और नेशनल डेयरी डवेल्पमेंट बोर्ड के बीच आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते से प्रदेश में डेयरी विकास का नया अध्याय शुरू होगा जिससे डेयरी अवसंरचना को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि टेबल बटर, लस्सी व दूध जैसे मूल्य वर्धित डेयरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे जिससे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये साझेदारी किसानों व पशुपालकों के सशक्तिकरण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा है कि उसके सदस्य देश वैश्विक संकट से निपटने के लिए अपने आपात भंडार से बड़ी मात्रा में तेल जारी करेंगे। एजेंसी ने एक वक्तव्य में कहा कि एशिया और ओशेनिया देश तत्काल तेल जारी करना शुरू करेंगे, जबकि यूरोप और अमरीका के आपात भंडार से आपूर्ति इस महीने के अंत तक शुरू होगी। एजेंसी ने कहा कि इस आपात उपाय से तेल की वैश्विक आपूर्ति बढ़ेगी। एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि सदस्य देशों ने लगभग41 करोड़ बीस लाख बैरल देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसमें लगभग 72 प्रतिशत क्रूड ऑयल होगा और शेष परिशोधित उत्पाद होगा।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से शिमला में शुरू होगा। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 21 मार्च को वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने डलहौजी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सत्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि 18 और 19 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। पठानिया ने कहा कि 30 मार्च को बजट पास किया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से बजट सत्र को सफल बनाने की अपील की है।

अनुदान मांग

लोकसभा में आज वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा भी सदन की आज की कार्यसूची में है। राज्यसभा में विनियोग विधेयक–2026 पर विचार होगा। इस विधेयक के द्वारा भुगतान और वित्तीय वर्ष 2025–26 की सेवाओं के लिए संचित निधि से ली गई राशि के विनियोग को अधिकृत किया जाना है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों पर एंट्री टैक्स में की गई बढ़ौत्तरी के निर्णय को जनविरोधी करार दिया है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस निर्णय के बाद पंजाब भी हिमाचल के वाहनों पर टैक्स लगाने की तैयारी कर रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार करों के माध्यम से राजस्व जुटाने की कोशिश में प्रदेशवासियों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस जनविरोधी निर्णय पर पुनः विचार करना चाहिए।

फास्टैग

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास के लागू शुल्क को 75 रुपये बढ़ाकर तीन हजार 75 रुपये करने की घोषणा की है। बढ़ा हुआ शुल्क पहली अप्रैल से लागू होगा। ये पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।

मौसम

बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी व कई क्षेत्रों में वर्षा होने से तापमान में कमी आई है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात होने से घाटी में ठंड बढ़ गई है। किन्नौर जिले के कल्पा व छितकुल में लगभग ढाई इंच हिमपात होने का समाचार है। वहीं जिला शिमला के नारकंडा, कुफरी व ऊंची चोटियों पर भी हल्की बर्फबारी हुई है। कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों पर भी हिमपात होने की खबर है। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि अटल टनल साउथ पोर्टल के पास बर्फबारी के कारण लगभग एक हजार से अधिक वाहन फंस गए थे।

डिस्पैच : आशीष, कुल्लू.....

रविवार को अचानक हुई भारी बर्फबारी के कारण अटल टनल साउथ पोर्टल के पास लगभग एक हजार से अधिक वाहन बर्फ में फंस गए थे जिनमे काफी संख्या में पर्यटक थे। मनाली पुलिस द्वारा रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बर्फ में फंसे सभी वाहनों व् लोगो को निकालने के प्रयास किए गए तथा काफी लोगो को सुरक्षित भी निकाल लिया गया। परन्तु बर्फ के ज्यादा पड़ने व् सड़क पर फिसलन के चलते जाम लग गया था जिसके चलते लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा स वही यह बारिश व् बर्फबारी किसानो व् बागवानों के लिए संजीवनी मानी जा रही है क्योंकि पिछले काफी समय से घाटी में बारिश नहीं हुई थी।

बर्फबारी और बारिश से किसानों और बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों और बागवानों ने इसे फायदेमंद बताया है।

बाइट बागवान :

इस बीच प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना जताई है।

....